प्रेस नोट थाना सिरसागंज दिनाँक 15-07-2024 जनपद फिरोजाबाद।

थाना सिरसागंज पुलिस द्वारा की गयी प्रभावी कार्यवाही एवं सक्रियता के चलते हत्या के मुकदमें में 02 वर्ष से फरार वांछित अभियुक्त कमलेश ने किया मा0 न्यायालय में आत्म समर्पण।

- **अभियुक्त कमलेश कुमार हत्या के मुकदमे में चल रहा था दो वर्ष से फरार।**
- **थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा लगातार अभियुक्त के मसकन व अन्य संभावित स्थानो पर दी जा रही थी दबिशें।**
- **अभियुक्त के विरूद्ध मा0 न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारण्ट व 82 द0प्र0सं0 की कार्यवाही की गयी थी।**
- **मुकदमें में 06 अन्य अभियुक्तों को थाना सिरसागंज पुलिस द्वारा पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज में मु0अ0सं0 761/2022 धारा 147 / 148 / 149 / 323 / 504 / 506 / 452 / 307 / 302 / 34 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कमलेश कुमार पुत्र अजमेर सिंह निवासी भनूपुरा थाना अराँव जिला फिरोजाबाद की गिरफ्तारी हेतु थाना सिरसागंज पुलिस द्वारा टीमें गठित कर लगातार अभियुक्त के मकसन / रिश्तेदारियों एवं अन्य संभावित स्थानो पर दबिशें दी जा रही थी। अभियुक्त कमलेश पिछले 02 वर्ष से लगातार फरार चल रहा था। थाना सिरसागंज पुलिस की सक्रियता, दबाव एवं अभियुक्त के विरुद्ध लगातार की जा रही प्रभावी पुलिस कार्यवाही के डर से अभियुक्त कमलेश कुमार द्वारा आज दिनांक 15.07.2024 को मा0 न्यायालय फिरोजाबाद के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया गया। मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त कमलेश कुमार को न्यायिक हिरासत में जिला कारागार फिरोजाबाद भेज दिया गया है।

घटना का विवरणः- वादिया द्वारा दिनाँक 07/11/2022 को थाना सिरसागंज पर तहरीर दी गयी थी कि वादिया के पति रघुपाल निवासी भनूपुरा थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद की अभियुक्तगणों द्वारा लाठी डंडों आदि से मारपीट की गयी जिससे रघुपाल की मौके पर ही मृत्यु हो गयी।

थाना सिरसागंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 761/22 सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तगण 1.विजेन्द्र पुत्र सोवरन सिंह, 2.जितेन्द्र पुत्र सोवरन, 3.श्यामसुन्दर पुत्र कोमल सिंह 4.गुलशन पुत्र धनपाल सिंह, 5.मन्तोश उर्फ मनमोहन पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासीगण भनूपुरा थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद, 6.बीटू उर्फ ओमनिधि पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी ग्राम अरांव थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायियिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

नाम व पता अभियुक्तः-

1- कमलेश कुमार पुत्र अजमेर सिंह निवासी भनूपुरा थाना अरांव जनपद फिरोजाबाद।

अभियुक्त कमलेश का आपराधिक इतिहासः-

1- मु0अ0सं0 742/21 धारा 498ए/323/504 भादवि0 व 3/4 द0प्र0अ0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।
2- मु0अ0सं0 761/2022 धारा 147/148/149/323/504/506/452/307/302/34 भादवि0 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।